159

दैनिक भास्कर लुधियाना, शुक्रवार 08 सितंबर, 2017 | 12

# बेला कालेज की हरप्रीत को मिस तीज का खिताब



मिस तीज के साथ सैकेंड व थर्ड रही छात्राओं को सम्मानित करते कालेज स्टाफ।

भास्कर संवाददाता | श्रमकौर साहिब

जिला प्रशासन की ओर से करवाए गए रेडक्रास मेले में हुए मिस तीज के मुकाबलों में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर बेला कालेज का कब्जा रहा।

अमर शहीद बाबा अजीत सिंह जुझार सिंह मेमोरियल कालेज बेला की छात्रा हरप्रीत कौर मिस तीज चुनी गई। इसी कालेज की हरजीत कौर दूसरे और वरिंदरजीत कौर तीसरे स्थान पर रही। डीसी गुरनीत तेज, एसडीएम चमकौर साहिब रूही दुग, पीसीएस गजिंदर सिंह ने विजेता छात्राओं को सम्मान चिन्ह दिए। छात्राओं का कालेज में पहुंचने पर कालेज प्रबंधक कमेटी सचिव देविंदर सिंह जटाणा, मैनेजर सुखविंदर सिंह विस्की, प्रिंसिपल सुरमुख सिंह, इंचार्ज सुनीता रानी, प्रो. ममता अरोड़ा, डॉ. हरप्रीत कौर, प्रो. गुरिंदर सिंह और प्रो. तरनजीत कौर ने भव्य स्वागत किया। इस मौके कालेज के सभी स्टाफ मेंबर उपस्थित थे।